# प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 14.08.2022

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## थाना कोतवाली महोबा पुलिस टीम ने वारण्टी अभियुक्त को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह के निर्देशन में जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में आज दिनांक 14.08.2022 को अपर पुलिस अधीक्षक श्री आर.के. गौतम व क्षेत्राधिकारी श्री रामप्रवेश राय के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली महोबा श्री बलराम सिंह द्वारा गठित टीम चौकी प्रभारी पसवारा उ0नि0 गणेश कुमार द्वारा धारा 379,411 भादवि के वारंटी आत्माराम पुत्र कमतू रैकवार को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त को मान0 न्यायलय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

### गिरफ्तार अभियुक्त-

आत्माराम पुत्र कमतू रैकवार 27 वर्ष निवासी ग्राम डढहत माफ थाना कोतवाली नगर जनपद महोबा।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1.उ0नि0 गणेश कुमार चौकी प्रभारी पसवारा थाना कोतवाली नगर जनपद महोबा।
2. का0 सज्जन लाल थाना कोतवाली नगर जनपद महोबा
3. का0 प्रमोद सिंह थाना कोतवाली नगर जनपद महोबा
4. का0 अमन शर्मा थाना कोतवाली नगर जनपद महोबा



# महोबा पुलिस

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 14.08.2022

मीडिया सेल, महोबा

## थाना पनवाड़ी पुलिस टीम ने वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह के निर्देशन पर जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरुद्ध जनपदीय पुलिस टीम द्वारा चलाये जा रहे गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन के क्रम में आज दिनांक 14.08.2022 को क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ के निकट पर्यवेक्षण में थाना पनवाड़ी प्रभारी निरीक्षक श्री शिवआसरे द्वारा गठित टीम उ0नि0 कम्बोद सिंह द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु.अ.स. 140/2022 धारा 307/504/506 भादवि थाना पनवाड़ी में वांछित चल रहे अभियुक्त भान सिंह पुत्र मातादीन उर्फ मत्ती उम्र 62 वर्ष निवासी मु0 पाठकपुरा कस्वा व थाना पनवाड़ी जिला महोबा को राठ तिगौला से पुलिस हिरासत मे लिया गया जिसके पश्चात अवश्यक कार्यवाही करके अभियुक्त उपरोक्त को माननीय न्यायालय महोबा के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1.उ0नि0 कम्बोद सिंह थाना पनवाड़ी महोबा
2.का0 सुनील कुमार  थाना पनवाड़ी महोबा

### गिरफ्तार अभियुक्त-

भान सिंह पुत्र मातादीन उर्फ मत्ती उम्र 62 वर्ष निवासी मु0 पाठकपुरा कस्वा व थाना पनवाड़ी जिला महोबा

### अपराधिक इतिहास-

1.मु.अ.स. 241/2021 धारा 307/34/504 भादवि
2.मु.अ.स. 140/2022 धारा 307/504/506 भादवि
3.मु.अ.स. 142/2022 धारा 323/504/506 भादवि



# महोबा पुलिस

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 14.08.2022

मीडिया सेल, महोबा

## थाना कुलपहाड़ पुलिस टीम ने वारण्टी अभियुक्त को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह के निर्देशन पर जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरुद्ध जनपदीय पुलिस टीम द्वारा चलाये जा रहे गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन के क्रम में आज दिनांक 14.08.2022 को क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक श्री बीरेन्द्र प्रताप सिंह के द्वारा गठित टीम वरि0 उ0नि0 सूर्य प्रसाद दूबे ने द्वारा माननीय न्यायालय सिविल जज(जू0डि0) एफ0टी0सी0/ महिला/स0 महोबा के परिवाद सं0 24/2020 केश नं0 202/2015 धारा 498ए/323 भादवि व 3/4 डीपी एक्ट थाना पनवाडी पूर्णिमा देवी बनाम गोविन्द नारायण से सम्बन्धित 01 नफर वारण्टी अभियुक्त गोविन्द नारायण पुत्र राधाचरण उम्र करीब 31 वर्ष को बस स्टैण्ड कुलपहाड से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

### गिरफ्तार अभियुक्त-

गोविन्द नारायण पुत्र राधाचरण उम्र करीब 31 वर्ष निवासी ग्राम सुगिरा थाना कुलपहाड जनपद महोबा

### गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम-

1.वरि0 उ0नि0 सूर्य प्रसाद दूबे थाना कुलपहाड जनपद महोबा
2.कां0 देवेन्द्र राजपूत थाना कुलपहाड जनपद महोबा



# महोबा पुलिस

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 14.08.2022

मीडिया सेल, महोबा

## थाना महोबकंठ पुलिस टीम ने अवैध शराब सहित अभियुक्त को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह के निर्देशन पर जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरुद्ध जनपदीय पुलिस टीम द्वारा चलाये जा रहे अवैध शराब की बिक्री, निष्कर्षण एंव परिवहन की रोकथाम अभियान के अनुपालन के क्रम में दिनांक 14.08.2022 को थाना महोबकंठ प्रभारी निरीक्षक श्री उपेन्द्र नाथ राय द्वारा गठित टीम उ0नि0 सर्वेन्द्र सचान द्वारा दिदवारा पुल से खूबचन्द्र अहिरवार पुत्र नन्दराम अहिरवार उम्र करीब 45 वर्ष के कब्जे से एक सफेद बोरी में 20 अदद क्वार्टर ठेका देशी शराब नाजायज बरामद होना बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध थाना स्थानीय पर मु.अ.सं. 137/22 धारा 60 आबकारी अधिनियम का अभियोग पंजीकृत किया गया।

### गिरफ्तार करने वाली टीमः-

1. उ0नि0 सर्वेन्द्र सचान थाना महोबकंठ जनपद महोबा
2. का0 अँकुश कुमार थाना महोबकंठ जनपद महोबा

### गिरफ्तार अभियुक्त-

खूबचन्द्र अहिरवार पुत्र नन्दराम अहिरवार उम्र करीब 45 निवासी मु0 बजनापुरा कस्बा पनवाड़ी थाना पनवाड़ी जनपद महोबा

### बरामदगी-

प्लास्टिक की बोरी में 20 अदद क्वार्टर ठेका देशी शराब नाजायज



# महोबा पुलिस

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 14.08.2022

मीडिया सेल, महोबा

## थाना अजनर पुलिसटीम ने अवैध तमंचा व कारतूस के साथ अभियुक्त को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक महोदय श्री आर0 के0 गौतम व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्री उमेश चन्द्र के निकट पर्यवेक्षण में अवैध शस्त्र निर्माण/बिक्री व अवैध शस्त्र धारक अभियुक्तों के विरुद्ध चलाये जा रहे सघन चेकिंग अभियान के दृष्टिगत दिनांक 14.08.2022 को थानाध्यक्ष श्री लाखन सिंह द्वारा गठित टीम उ0नि0 श्यामसिंह यादव द्वारा गश्त भ्रमण के दौरान यात्री प्रतीक्षालय के पास सगुनियामाफ तिराहे से अभियुक्त संतोष उर्फ सन्तू राजपूत पुत्र बृजगोपाल राजपूत उम्र करीब 29 बर्ष के कब्जे से 01 अदद देशी तमंचा 315 बोर नाजायज व 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर नाजायज बरामद कर गिरफ्तार किया । जिसके सम्बन्ध में थाना हाजा पर मु.अ.सं. 157/2022 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर बाद आवश्यक कार्यवाही अभियुक्त उपरोक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष भेजा गया।

## गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1- उपनिरीक्षक श्यामसिंह यादव थाना अजनर जनपद महोबा ।

2. का0 आसवेन्द्र सिंह थाना अजनर जनपद महोबा ।

## गिरफ्तार अभियुक्त-

संतोष उर्फ सन्तू राजपूत पुत्र बृजगोपाल राजपूत निवासी ग्राम सगुनियामांफ थाना अजनर जनपद महोबा

## बरामदगी –

01 अदद देशी तमंचा 315 बोर नाजायज व 01 जिन्दा कारतूस नाजायज ।




@mahobapolice SP Mahoba @mahobapolice 7839857330

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 14.08.2022

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## थाना श्रीनगर पुलिस टीम ने 02 वांछित अभियुक्तों को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह के निर्देशन में जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में आज दिनांक 07.08.2022 को अपर पुलिस अधीक्षक श्री आर.के. गौतम व क्षेत्राधिकारी चरखारी श्री अजय कुमार अग्रवाल के निकट पर्यवेक्षण में अभियान के तहत थानाध्यक्ष श्रीनगर श्री दिनेश तिवारी द्वारा गठित टीम उ0नि0 श्री देवेंद्र पाण्डेय द्वारा उर्मिल डैम रोड से 02 नफर वांछित अभियुक्तगण 1.रज्जन उर्फ राजेंद्र सिंह पुत्र वीर सिंह उम्र 35 वर्ष 2.आशाराम उर्फ अस्सू पुत्र धूराम उर्फ धुइया उम्र 36 वर्ष को सम्बंधित मु0अ0सं0 131/22 धारा 379 भादवि से बरामद एक प्लास्टिक की बोरी मे 01 अदद बैटरी जिस पर LIV GURD ITL PART N0. 300295489A तथा मुकदमा उपरोक्त मे चोरी की गयी समर सेबिल को बेचकर खर्च करने के उपरांत अभि0 रज्जन उर्फ राजेंद्र सिंह उपरोक्त 1000 रु व अभियुक्त आशाराम उर्फ अस्सू उपरोक्त से 500 रुपये बरामद किये गये बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त मे धारा 411 भादवि की बढोत्तरी गयी। विधिक कार्यवाही करते हुये अभियुक्तगणों को माननीय न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1.उ0नि0 देवेंद्र पाण्डेय थाना श्रीनगर जनपद महोबा
2. का0 विजय शंकर त्रिपाठी थाना श्रीनगर जनपद महोबा

### गिरफ्तार अभियुक्त-

1.रज्जन उर्फ राजेंद्र सिंह पुत्र वीर सिंह उम्र 35 वर्ष 2.आशाराम उर्फ अस्सू पुत्र धूराम उर्फ धुइया उम्र 36 वर्ष निवासीगण ग्राम इमिलिया थाना श्रीनगर जनपद महोबा

**बरामदगी-** एक अदद बैटरी , कुल 1500 रुपये




@mahobapolice SP Mahoba @mahobapolice 7839857330

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 14.08.2022

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## आजादी की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर मनाये जा रहे आजादी का अमृत-महोत्सव कार्यक्रम के अन्तर्गत अपर पुलिस अधीक्षक आर0 के0 गौतम के नेतृत्व में यू0पी0 112 महोबा पुलिस द्वारा तिरंगा मार्चपास्ट कर राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया गया।

आजादी की 75वीं वर्षगांठ को "अमृत महोत्सव" के रुप में मनाया जा रहा है, जिसके क्रम में आज दिनांक 14.08.2022 को पुलिस अधीक्षक महोबा सुधा सिंह के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक महोबा आर0 के0 गौतम के नेतृत्व में डायल 112 द्वारा तिरंगा यात्रा का आयोजन कस्बा व थाना कबरई से प्रारम्भ होकर थाना कबरई होते हुये बुन्देलखण्ड टोल प्लाजा पर समाप्त किया गया। जहां अपर पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा मार्चपास्ट में सम्मिलित कर्मी व टोल प्लाजा के कर्मियों के साथ मिलकर उनके कार्यालय पर राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया गया तथा टोल प्लाजा के कर्मचारियों को मिष्ठान वितरण किया गया।

अपर पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा बताया गया कि इस फ्लैग मार्च में डायल-112 सहित स्थानीय पुलिस के 150 पुलिसकर्मियों द्वारा भाग लिया गया और लोगों को आजादी का अमृत महोत्सव मनाने और आपसी भाई-चारा व देश भक्ति की भावना रखने का संदेश दिया गया।

इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी सदर श्री रामप्रवेशराय, प्रभारी 112 श्री शशि कुमार पाण्डेय, प्रभारी निरीक्षक थाना खन्ना श्री राधेश्याम वर्मा सहित अन्य कर्मचारीगण मौजूद रहे।







प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक – 14.08.2022

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## आजादी की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर मनाये जा रहे आजादी का अमृत-महोत्सव कार्यक्रम के अन्तर्गत पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा यू0पी0 महिला एंव बाल सुरक्षा संगठन के पिंक वाहनों को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया, मार्चपास्ट कर राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया गया।





आजादी की 75वीं वर्षगांठ को “अमृत महोत्सव” के रुप में मनाया जा रहा है, जिसके क्रम में आज दिनांक 14.08.2022 को पुलिस अधीक्षक महोबा सुधा सिंह द्वारा क्षेत्राधिकारी प्रशिक्षु हर्षित गंगवार के नेतृत्व में जनपदीय महिला पुलिस अधिकारियों / कर्मचारियों के पिंक वाहनों को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया।

पिंक वाहनों द्वारा महिला कर्मियों के साथ घनी एंव मिश्रित आबादी वाली जगहों पर मार्चपास्ट कर राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया गया।

इसी क्रम में पिंक वाहनों द्वारा महिला बूथों पर एकत्रित होकर आजादी के अमृत महोत्सव भी मनाया गया तथा सरकार द्वारा महिला सुरक्षा हेतु चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं का प्रचार प्रसार किया गया।

इस अवसर पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा बताया गया पिंक वाहनों द्वारा तिरंगा मार्च का उद्देश्य आमजनमानस में राष्ट्रभक्ति की भावना जागृत करना व आमजनमानस में सुरक्षा व शान्ति हेतु पुलिस के प्रति लोगों का विश्वास कायम रखना है।

इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्री आर0 के0 गौतम, क्षेत्राधिकारी सदर श्री रामप्रवेश राय, क्षेत्राधिकारी चरखारी श्री अजय अग्रवाल सहित जनपदीय पुलिस के अधिकारी / कर्मचारीगण मौजूद रहे।

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक – 14.08.2022

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारियों / कर्मचारियों को आमंत्रित कर सभी सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों को किया गया सम्मानित-

आज दिनांक **14.08.2022** को आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर पुलिस लाइन अवस्थित सभाकक्ष में पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह द्वारा सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारियों / कर्मचारियों को आमंत्रित किया गया।

उक्त आमंत्रण गोष्ठी के दौरान पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा उपस्थित सभी सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों से उनका परिचय पूछा गया व उनके द्वारा उ0प्र0 पुलिस सेवाकाल के दौरान किये गये विभिन्न सराहनीय कार्यों पर चर्चा की गयी व उनके द्वारा किये गये उल्लेखनीय कार्यों की सराहना की गयी।

इस दौरान पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा सेवानिवृत्त पुलिस कर्मयों की समस्याओं के बारे में वार्ता की गयी जिसके क्रम में प्राप्त हुयी शिकायतों के सम्बन्ध में जानकारी कर सम्बन्धित को उनकी समस्या के निराकरण हेतु निर्देश दिये गये।

गोष्टी के उपरान्त पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा समस्थ सेवानिवृत पुलिसकर्मियों को शाल प्रदान कर सम्मानित किया गया तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गयी।

कार्यक्रम के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्री आर0के0 सिंह, क्षेत्राधिकारी प्रशिक्षु हर्षिता गंगवार, क्षेत्राधिकारी नगर श्री रामप्रवेश राय, क्षेत्राधिकारी चरखारी श्री अजय कुमार अग्रवाल सहित उ0प्र0 पुलिस से सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।







प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 14.08.2022

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा लगातार जनपदीय पुलिस में सराहनीय कार्य करने वाले 75 पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों को किया गया सम्मानित-

भारतीय स्वाधीनता के 75 वर्ष पूर्ण होने की शुभ संध्या के अवसर पर आज दिनांक **14.08.2022** को स्वतंत्रता सप्ताह के अन्तर्गत मनाये जा रहे आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर पुलिस लाइन अवस्थित सभाकक्ष में पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह द्वारा जनपदीय पुलिस में नियुक्त 75 ऐसे पुलिस अधिकारी/कर्मचारी जिनके द्वारा सम्बन्धित शाखाओं/थानों में नियुक्त रहकर लगातार उत्कृष्ठ/सराहनीय कार्य किये जा रहे हैं को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया तथा सभी पुलिस कर्मियों का उत्साहवर्धन करते हुये सभी के कार्यों की प्रशंसा की गयी व सभी के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुये उपस्थित सभी पुलिस कर्मयों से ऐसे ही पूर्ण निष्ठा के साथ अपने कर्तव्यों के निर्वहन किये जाने की अपेक्षा की गयी ।

इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक श्री आर0के0 गौतम, क्षेत्राधिकारी प्रशिक्षु हर्षिता गंगवार, क्षेत्राधिकारी नगर श्री रामप्रवेश राय, क्षेत्राधिकारी चरखारी श्री अजय कुमार अग्रवाल सहित जनपदीय पुलिस के सम्मानित पुलिस कर्मचारीगण उपस्थित रहे।










@mahobapolice    SP Mahoba @mahobapolice    7839857330